HOPE FOUNDATION NGO

Reg. Add: SE-12, Shastri Nagar, Ghaziabad, U.P.,
+0120-4156644, Email: info@hopefoundationngo.com

At HOPE FOUNDATION we value your opinion and want to hear from you. We always welcome your enquiries, feedback and suggestions.

प्रेस विज्ञप्ति

सादर प्रकाशनार्थ

उत्तराखंड के रानीखेत जिले के सुदूर ताड़ीखेत गाँव में गाज़ियाबाद के होप फाउंडेशन एन.जी.ओ. (रजि.) ने एक दिवसीय विशाल स्वास्थ्य जांच एवं उपचार चिकित्सा शिविर लगाया. इस शिविर में पहाड़ों के दुर्गम गामी स्थानों, और कोसों पैदल चल, जंगलों को पार कर आये 1200 से भी ज्यादा मरीजों ने भाग लिया. उल्लेखनीय है की डॉ असित खन्ना, जो की ग़ाज़ियाबाद के एक वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ है और होप एन.जी.ओ. के कर्ताधर्ता हैं, वे हर वर्ष इस तरह के कैंप सुदूर इलाकों में लगाते रहे हैं. स्थानीय प्रशाशन एवं लोगो, स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं के सहयोग से यह कैंप रविवार, दिनांक 25 फरवरी 2018 को रानीखेत के ताड़ीखेत ब्लॉक में प्रेम गवर्नमेंट इंटर कॉलेज में लगाया गया. कैंप में डॉ असित खन्ना, हृदय रोग विशेषज्ञ, डॉ विभू मित्तल, पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, डॉ सुभाष शल्य, वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ, डॉ मनीष गुप्ता एवं डॉ वंदना चौधरी वरिष्ठ फिजियोथिरेपिस्ट,के.एस. फिजियोथिरेपी, गाजियाबाद, श्री केशव गौड़, सचिव, वैष्णवी स्वास्थ्य शिक्षा विकास सेवा संस्थान, नेत्र विभाग एवं 4 अन्य डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं प्रदान की. हॉस्पिटल प्रबंधन छेत्र के अनुभवी वरिष्ठ प्रबंधक गौरव पांडेय ने कैंप रजिस्ट्रेशन एवं कैंप संचालन प्रबंधन का कार्य किया

इस कैंप में मुफ्त परामर्श, ब्लड शुगर, ई सी जी, ब्लड प्रेशर की सुविधाएं दी गईं. सभी मरीजों को मुफ्त दवाइयां एवं भोजन भी प्रदान किया गया. आँखों के मरीजों को नंबर क़ी जांच कर

मुफ्त चश्में भी वितरित किये गए.

कैंप का उद्घाटन श्री अमित सिरोही अपर जिला न्यायाधीष, रानीखेत ने स्कूली बच्चों के रंगराम कार्यक्रम, गीत एवं कुमाउनी नृत्य के साथ किया. इस अवसर पर थानाध्यक्ष रानीखेत श्री जोशी विशेष रूप से मौजूद थे. स्थानीय पुलिस ने भीड़ नियंत्रण में सराहनीय भूमिका निभाई.

इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ शेष चंद्र एवं हिमालयन जन सेवा सोसाइटी ने मेडिकल कैंप में विशेष सहयोग दिया, स्थानीय श्री जयबीर सिंह जी ने जो कि हिमालयन जन चेतना समिति के अध्यक्ष भी हैं, श्री रोहित बृजवासी, समाजसेवी जो कि नौकुचियाताल से हैं, उन्होंने प्रेम विद्यालय जी.आई.सी. के शिक्षक एवं स्टाफ कि मदद से इस कैंप को संपन्न कराया.

कैंप में 85 साल के वयोवृद्ध से लेकर छोटे बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. मरीजों में सबसे ज्यादा ओस्टियोआर्थ्राइटिस बीमारी के मरीज पाए गए, सांस की बीमारी , उच्च रक्तचाप, गैस एवं एसिडिटी, आंखों की बीमारियों के मरीज भी बहुतायत में थे, सुदूर पहाड़ी इलाका होने के नाते वहां मेडिकल जांचों एवं डॉक्टरों का अभाव है, ऐसे में अपना वजन, लम्बाई, ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर जैसे सामान्य टेस्ट भी करवाने के लिए लोग भारी भीड़ में भी धैर्य रखा कर लाइनों में लग कर अपनी जांचे करवाते नजर आये. डॉ असित खन्ना ने समाज के संभ्रांत लोगों से होप एन.जी.ओ. को योगदान करने के लिए आवाहन करते हुए कहा कि हम डॉक्टरों कि टीम ऐसे और भी मेडिकल कैंप करने में पुरजोर रूप से लगी रहेगी.

डॉ. असित खन्ना
एम.डी., डी. एम. (कार्डिओ)
सचिव
होप फाउंडेशन एन.जी.ओ. (रजि.)
M -9818882958

Your support can help Educate a Child, Healthcare Promotion and Environment Protection & Awareness. You can help us by becoming a volunteer, donor, sponsor etc.

If you are interested, call us at 0120-4156644 or Contact us to support us.